हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

Email: registrar@durguniversity.ac.in Website: www.durguniversity.ac.in Phone & Fax 0788-2359100

क्रमांक 333 / अका. / शोध / 2018 दुर्ग, दिनांक 24.7.2018

// सूचना //

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित शोध उपाधि परीक्षा 2018 के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन दिनांक 28.7.2018 को शास. विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग में प्रातः 11.00 बजे से आयोजित है। **परीक्षार्थियों को प्रवेश परीक्षा तिथि को निर्धारित समय से आधे घंटे पूर्व 10.30 बजे तक निश्चित तौर पर परीक्षा केन्द्र में किसी एक अधिकृत पहचान पत्र यथा ड्रायविंग लायसेंस/आधार/पासपोर्ट/आयकर कार्ड के साथ उपस्थित होना है।**

प्रवेश परीक्षा केन्द्र द्वारा सभी विषयों के शोध प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने परीक्षार्थियों को दिनांक **26.7.2018 के प्रातः 11.00 बजे से प्रवेश पत्र का वितरण किया जावेगा।** साथ ही ऐसे आवेदक जिनके द्वारा शोध प्रवेश परीक्षा से छूट हेतु प्रमाण पत्रों के साथ निवेदन किया गया है, की सूची भी दिनांक 26.7.2018 को प्रातः 11.00 बजे अवलोकन के लिए केन्द्र पर उपलब्ध रहेगी।

प्रवेश परीक्षा में आवेदकों को वैकल्पिक प्रश्नों को हल करके उनका उत्तर, उपलब्ध करायें गये ओ.एम.आर. शीट पर काले डार्क पेंसिल से दर्ज करना होगा। **परीक्षार्थियों को पेंसिल, शार्पनर, एवं रबर स्वंय साथ में लाना होगा।** मोबाईल, हैंड पर्स एवं कैलकुलेटर इत्यादि सामग्री परीक्षा केन्द्र में लाना वर्जित होगा।

परीक्षार्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि **परीक्षा के निर्धारित समय से 15 मिनट पूर्व निर्धारित स्थान पर बैठ जावें,** एवं ओ.एम.आर. के आवश्यक प्रविष्ठियों (उत्तर वाले खाने को छोड़कर) को परीक्षा के प्रारंभ होने के पूर्व पूर्ण कर लें।

किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा समाप्त होने के पूर्व परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नही होगी।

परीक्षार्थी, परीक्षा केन्द्र पर हेल्प–डेस्क का उपयोग कर सकते है।

कुलसचिव

प्रतिलिपि–

1. शोध प्रवेश परीक्षा के परीक्षार्थियों को।
2. समन्वय, नोडल सेंटर (शास. विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग) को।
3. समाचार पत्रों को इस निवेदन के साथ कि वे इसे कृपया समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
4. कुलपति के निज सहायक/कुलसचिव के निज सहायक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. थाना प्रभारी शास. विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग प्रक्षेत्र को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

कुलसचिव